उमा कहउँ मैं अनुभव अपना। सत हरि भजनु जगत सब सपना ॥
निज अनुभव अब कहउँ खगेसा। बिनु हरि भजन न जाहिं कलेसा ॥
सांध्य दैनिक || मानस हरि भजन || Ram Katha 948-*Thanjavur, Tamil Nadu, India || मोरारी बापू

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 165 | इंदौर, सोमवार 30 दिसंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# बिगड़े मौसम के कारण धान खरीदी का देंगे अतिरिक्त समय

## छोटे किसानों को सहयोग पर हो रहा विचार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्राकृतिक आपदा से फसलों की क्षति के प्रावधान के अनुसार किसानों को राहत राशि दी जाएगी। किसानों से धान खरीदी के लिए अतिरिक्त समय दिया जाएगा। देश के साथ प्रदेश में भी मौसम बदला है। किसानों के किसी भी संकट में सरकार संवेदनशील होकर उनके साथ खड़ी है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को किसी भी माध्यम से फसल बेचे जाने की सुविधा देती है। ऐसे छोटे किसान जिनकी फसलों का उपार्जन नहीं हो पाता और वे अपने स्तर से फसल बेच देते हैं, उन्हें



प्रति हेक्टेयर राशि प्रदान करने अथवा बोनस के संबंध में आवश्यक सहायता के लिए शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। इस संबंध में विचार कर उन किसानों को लाभान्वित करने का निर्णय लिया जाएगा जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं अथवा अपेक्षाकृत सक्षम नहीं हैं। ओला, पाला आदि से फसलों के नुकसान पर जिला स्तर पर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने किसानों से आह्वान किया कि विपरीत मौसम में फसलों के साथ स्वयं की सुरक्षा के लिए समस्त ऐहतियात बरतें। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण या शहरी क्षेत्र में ट्यूबवेल खुले नहीं रहना चाहिए। ट्यूबवेल खुले रखना प्रतिबंधित है। ऐसे मामलों में जानकारी मिलते ही क्षेत्र के थाने में जानकारी दी जाए। ऐसी लापरवाही पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के नागरिकों को भी असमय वर्षा, शीत आदि से बचाव के लिए सावधानियां बरतने का आग्रह किया है।

# संक्रांति के बाद भाजपा को मिलेगा नया अध्यक्ष

### 15 जनवरी तक क्या रखा है टारगेट



**नई दिल्ली।** जेपी नड्डा बीते 4 सालों से अधिक समय से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हुए हैं। उनका कार्यकाल बीते साल ही समाप्त हो गया था, लेकिन लोकसभा चुनाव को देखते हुए उन्हें विस्तार मिल गया था। अब इलेक्शन के नतीजे आए भी 6 महीने से ज्यादा का वक्त बीत चुका है, लेकिन अब तक भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ही हैं। इस बीच पार्टी में संगठन बदलने की कवायद तेज हो गई है और सूत्रों का कहना है कि संक्रांति के बाद भाजपा को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। इसे लेकर बैठकें शुरू हो चुकी हैं और जल्दी ही किसी नेता के नाम पर मुहर लग सकती है। सूत्रों का कहना है कि भूपेंद्र यादव, अनुराग सिंह ठाकुर, शिवराज सिंह चौहान समेत कई ऐसे नेता हैं, जिन्हें अध्यक्ष बनाने का फैसला हो सकता है। फिलहाल पार्टी 15 जनवरी तक जिला और राज्य के अध्यक्ष बना लेना चाहती है। संक्रांति तक कम से कम आधे राज्यों को नए अध्यक्ष मिल जाएंगे और फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा। खबर है कि महीने के अंत तक पार्टी को नया अध्यक्ष मिल सकता है। रविवार को भाजपा ने इस संबंध में मुख्यालय में मीटिंग भी बुलाई थी। इस मीटिंग में संगठन महामंत्री बीएल संतोष के अलावा जेपी नड्डा समेत कई अधिकारी मौजूद थे। इस मीटिंग में संगठन पर्व को लेकर भी चर्चा हुई है। इसके तहत सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी का मानना है कि एक फुल प्रूफ व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे पता चल सके कि कौन संगठन से जुड़ रहा है। पार्टी नेताओं के अनुसार यह तैयारी है कि घर-घर जाकर भी सदस्य बनाए जाएं। इससे लोगों तक पहुंच बनाने का एक मौका पार्टी को मिल सकेगा।

### इंटरनेशनल डिसएबल क्रिकेट चैंपियन ट्रॉफी में ग्वालियर के योगेंद्र का चयन, श्रीलंका में होंगे मैच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

ग्वालियर। श्रीलंका में 12 से 21 जनवरी 2025 तक आयोजित होने वाली इंटरनेशनल डिसएबल क्रिकेट चैंपियन ट्रॉफी के लिए ग्वालियर के योगेंद्र भदौरिया का चयन भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम में हुआ है। योगेंद्र भारतीय टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाएंगे। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत के अलावा इंग्लैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमें भी हिस्सा लेंगी।

# मध्यप्रदेश के इन बड़े जिलों में बारिश का अलर्ट, ठंडी के खेल के बीच कोहरे की पारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। राज्य में दूसरे दिन रविवार को बारिश का दौर थम गया। इसके बाद ही न्यूनतम और अधिकतम (रात.दिन) के तापमान में गिरावट आ गई है। शनिवार-रविवार की रात कई शहरों में पारा लुढ़क गया। धार में दिन में तापमान 20 डिग्री दर्ज किया गया। उज्जैन में पारा प्रदेश में सबसे कम 19.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। दमोह में 22.2 डिग्री, खजुराहो में 21.4 डिग्री, नौगांव-धार में 20 डिग्री, रीवा में 22.6 डिग्री, सतना-गुना में 22 डिग्री, सीधी में 22.4 डिग्री, टीकमगढ़ में 20.7 डिग्री, उमरिया में 22.7 डिग्री रहा।**

शनिवार-रविवार की रात में भी कई



शहरों में न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिली। नीमच में 8.6 डिग्री तापमान रहा। नरसिंहपुर, नौगांव, पचमढ़ी में पारा 12 डिग्री से नीचे रहा। राजगढ़, मंडला, टीकमगढ़, रतलाम, उमरिया, खंडवा और गुना में भी पारा 15 डिग्री से कम ही दर्ज किया गया। भोपाल में 16.8 डिग्री, इंदौर में 15.4 डिग्री, ग्वालियर में 14.6 डिग्री, उज्जैन में 14.5 डिग्री और जबलपुर में 14.3 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

### बारिश का अनुमान

मौसम विभाग ने सोमवार को बैतूल, सिंगरौली, सीधी, अनूपपुर, उमरिया, डिंडोरी, जबलपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट और पांढुर्णा जिलों में गरज चमक के साथ बारिश होने का अनुमान जारी किया है। इसके अलावा शेष जिलों का मौसम शुष्क बना रह सकता है।

### कोहरे की चेतावनी

मौसम विभाग ने चेतावनी भी जारी की है मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर में कहीं-कहीं माध्यम कोहरा छाए रह सकता है। जबकि भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी और मैहर जिलों में हल्का से लेकर मध्य कोहरा रहने संभावना है।

# बांग्लादेश पर स्ट्राइक शुरू

## केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने दी जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह आज पोलो ग्राउंड स्थित बुनकर केंद्र आए। उन्होंने अमर उजाला से बातचीत में कहा कि भारत सरकार और पीएम नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है दुनिया में भारत को एक नंबर बनाना। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इंदौर के धार जिले में पीएम मित्रा पार्क बन रहा है। यहां पर सरकार 10 हजार करोड़ का निवेश करेगी। इससे एक लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। गिरिराज सिंह ने कहा 350 बिलियन डालर का टेक्सटाइल बाजार है और हम जल्द ही 100 बिलियन का एक्सपोर्ट करेंगे। बांग्लादेश में जो हालात हैं सबको पता हैं। हम अपनी क्षमताओं को और बढ़ा रहे हैं। दो महीने में यानी अक्टूबर और नवंबर में ही पिछले साल से 35 गारमेंट का एक्सपोर्ट बढ़ा है और 11 प्रतिशत टेक्सटाइल में एक्सपोर्ट बढ़ा है। भारत तेजी से इस बाजार में आगे बढ़ रहा है।

गौरतलब है कि बांग्लादेश में अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार सिर्फ टेक्सटाइल इंडस्ट्री है। इन दिनों भारत टेक्सटाइल पर फोकस करके तेजी से वैश्विक बाजार में आगे बढ़ने के प्रयास कर रहा है। भारत बांग्लादेश पर आर्थिक स्ट्राइक कर इस बाजार को कवर करने की कोशिश कर रहा है। केंद्रीय मंत्री ने इशारों इशारों में यह भी कह दिया कि दो महीने में हमने अपना एक्सपोर्ट बढ़ा लिया है और आपको बांग्लादेश के हालात तो पता ही हैं। इस बात के आप कई अर्थ निकाल सकते हैं। बुनकर सेवा केंद्र के डायरेक्टर विनोद भाईसारे ने बताया कि केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बुनकरों से बातचीत की और उन्हें सरकार के प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बुनकरों को बताया कि वे किस तरह से अपनी आय बढ़ा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे उन्हें नवाचार पर ध्यान देना है और इसे और भी बेहतर बनाना है। कार्यक्रम में टेक्सटाइल इंडस्ट्री से जुड़े कई उद्योगपतियों को भी बुलाया गया था। एक प्रजेंटेशन हुआ जिसमें बताया गया कि 2026 तक धार के पास पीएम मित्रा पार्क कैसे तैयार होगा। यहां पर टेक्सटाइल इंडस्ट्री को क्या क्या फायदे मिलेंगे। भाईसारे ने बताया कि उद्योगपतियों ने अपनी समस्याएं भी रखी। मंत्री ने उद्योगपतियों को बताया कि सरकार किस तरह से एक्सपोर्ट बढ़ाने वाली है जिससे आपको और बुनकरों को दोनों को बहुत फायदा होगा।

# निरीक्षण पर निकले इंदौर नगर निगम आयुक्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रविवार सुबह नगर निगम आयुक्त इंदौर में अलग-अलग जगह चल रहे सड़कों के कामों को देखने पहुंचे। उन्होंने वहां की वर्तमान स्थिति देखने के साथ ही अधिकारियों से चर्चा की और जरूरी निर्देश दिए।**

दरअसल, नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा शहर के जिंसी चौराहे से रामबाग चौराहे तक, एमआर 5 रोड, इंदौर वायर फैक्ट्री से छोटा बांगड़दा होते हुए सुपर कॉरिडोर सहित शहर के विभिन्न सड़कों के निर्माण काम के संबंध में निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण में उनके साथ अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, नरेश जायसवाल और अन्य निगम अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। आयुक्त ने यहां के काम को देखने के साथ ही अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी दिए।

साझा उत्सव

# एसएचजी मेला में लोकल टू वोकल को बढ़ावा गांधी हॉल में 80 से ज्यादा लगे हैं स्टॉल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** गांधी हॉल में 'साझा उत्सव - एसएचजी मेला' आयोजित किया गया है। जिसमें 80 से ज्यादा स्व सहायता समूहों के स्टॉल लगे हैं। रविवार को यहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और कई प्रकार के व्यंजनों के लुत्फ उठाया।

शहरी-गरीबी उन्मूलन प्रकोष्ठ प्रभारी मनीष मामा शर्मा ने बताया कि, महापौर पुष्यमित्र भार्गव और नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देश पर गांधी हॉल परिसर में 'साझा उत्सव - एसएचजी मेला' आयोजित किया गया है। यह मेला 31 दिसंबर तक चलेगा। मेले में इंदौर नगर निगम द्वारा डे-एनयूएलएम, फूड प्रोसेसिंग, पैक्ड फूड और अन्य उत्पादों के 80 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जो स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित हैं। मेले का उद्देश्य 'लोकल टू वोकल' को प्रोत्साहन देना है, जहां लोग आवश्यक और सुंदर उत्पाद देख और खरीद सकते हैं। इस मेले के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा और महिला सशक्तिकरण को बल मिलेगा। इस आयोजन से महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए बढ़ावा मिलेगा।

शहरी-गरीबी उपशमन विभाग की दीप्ति रावत ने बताया कि 'साझा उत्सव' मेले में 80 से अधिक स्व सहायता समूहों ने अपने उत्पादों के स्टॉल लगाए हैं। यह मेला 'लोकल से वोकल' को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। स्व सहायता समूहों द्वारा मुगबडी गरम मसाले, आंवला मुरब्बा, लाल मिर्च, अचार, पापड़-बड़ी, फूड मसाले, केक, पेस्ट्री, दही शोले, वेज सुशी, गाय के गोबर से बने आर्टिकल, बैग्स, हैंडीक्राफ्ट, बांस कला, पेपर क्राफ्ट, हैंडमेड साबुन, फिनाइल, हैंडवॉश, हर्बल कॉस्मेटिक्स, हेन्ड मेन्ड सर्फ, सेनेटरी पैड, रेशम के नेकलेस, बंधेज, बटिक, साड़ियां, ब्लाउज, पोशाक, भगवान की पोशाक, रेडीमेड सूट और ज्वेलरी, रेशम के नेकलेस चुड़ियां, वुलन क्लॉथ, मेकअप सजावट, सूट साड़ी, वुलन क्लॉथ, सूट्स-कुर्ते, रेडीमेड कुर्ते जैसे उत्पादों के स्टॉल लगाए गए हैं।



# रहवासियों ने महापौर से की शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** रविवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भूरी टेकरी स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के अरावली परिसर के रहवासियों से महापौर सचिवालय में मुलाकात की। इस दौरान निगम के संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में रहवासियों ने परिसर में अधूरे कामों को लेकर अपनी समस्याएं साझा की। परिसर के रहवासियों ने बताया कि लिफ्ट, स्ट्रीट लाइट, पेवर्स, कम्युनिटी हॉल, मेन गेट का जीर्णोद्धार, बाउंड्रीवाल पर तार फेंसिंग और पानी के मीटर जैसी सुविधाएं अब तक पूरी नहीं हुई हैं। महापौर ने रहवासियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक महीने के भीतर परिसर के सभी अधूरे कार्य पूरे किए जाएं। इसके बाद बिल्डिंग को रहवासियों को हैंडओवर कर दिया जाए। महापौर भार्गव ने अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के परिसर के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इस एसओपी की जानकारी परिसर के रहवासियों को दी जाए, ताकि वे परिसर की देखरेख में बेहतर भूमिका निभा सकें।



## रक्षा मंत्री ने डॉक्टर अंबेडकर की जन्मस्थली पहुंचकर अर्पित किए श्रद्धा सुमन

**इंदौर।** रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने अपने प्रवास के दौरान डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जन्मस्थली महू पहुँच कर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की डॉक्टर अम्बेडकर नगर महू स्थित जन्म स्थली के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। संविधान की रचना में योगदान के साथ-साथ स्वाधीन भारत की संस्थाओं के निर्माण में बाबा साहेब की भूमिका अतुलनीय रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने बाबा साहेब से जुड़े स्थानों को 'पंच तीर्थ' के रूप में विकसित करने का महती काम किया है। बाबा साहेब का योगदान भारत की आने वाली पीढ़ियाँ याद रखेंगी।

# स्टूडेंट्स ने किया अखबार का प्रमोशन

## विशेषांक प्रकाशन पर प्रकाशकों को दी शुभकामनाएं





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शिक्षा, साहित्य की तरह रचनात्मक कार्यों के लिये भी इंदौर शहर का नाम पूरे देश मे शान से लिया जाता हैं।ऐसी तारतम्य में सामाजिक जनचेतना की अलख सदैव प्रज्वलित करने वाले 'आदित्य की आवाज'मीडिया समूह द्वारा उच्च शिक्षा व बेहतर केरियर कैसे पाएं व उससे जुड़ी समस्त जानकारियों को समाहित कर एक विशेषांक का प्रकाशन किया गया जिसका प्रदर्शन शहर के हृदय स्थल राजवाड़ा पर स्टूडेंट्स द्वारा किया गया।उन्होंने प्रकाशकों व पूरी टीम को अखबार की उन्नति हेतु शुभकामनाएं भी प्रेषित की इस अवसर पर अंकित मालवीय ,संजय खंडेलवाल, सोनिया पटेल,राकेश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# मिस्टर, मिस, मिसेज़ और किड्स ग्लैम इंदौर का ग्रैंड फिनाले हुआ सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मिस्टर, मिस, मिसेज़ और किड्स ग्लैम इंदौर का भव्य ग्रैंड फिनाले आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपना बेहतरीन टैलेंट प्रस्तुत किया।**

मिस कैटेगरीः विजेताः गायत्री आर्य, पहली रनर-अपः मिताली जैन, दूसरी रनर-अपः हर्षिता चौहान, मिसेज कैटेगरीः विजेताः मिसेज जूही राव, मिस्टर कैटेगरीः विजेताः भरत शर्मा, किड्स कैटेगरीः गर्ल्स विजेताः टियाना राही, बॉयज विजेताः जैद।



इस कार्यक्रम की आयोजिका रिमझिम राय ने बताया कि इस इवेंट का उद्देश्य यह था कि लोग अपने छिपे हुए हुनर को निखारकर सामने लाएं, अपना टैलेंट दिखाएं और आगे बढ़ें।

इस शो में नमो श्री चेतना ग्रुप भी जुड़ा, जिसकी शोस्टॉपर अर्चना गुप्ता जी रहीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जानवी चांदवानी और अविनाश ठाकुर उपस्थित रहे। जूरी सदस्य के रूप में मिसेज रुपाली जलोटा, पायल जायसवाल, एग्नेस, गुंजन सांग। इस कार्यक्रम को बजरंग दल से विकास शर्मा का सहयोग मिला। कोरियोग्राफर और एंकर के रूप में कार्तिक ठाकुर ने शानदार भूमिका निभाई। यह आयोजन बेहद सफल रहा और सभी के लिए प्रेरणा और प्रतिभा से भरपूर रहा।

# रक्षा मंत्री ने सैन्य कर्मियों को सैन्य रणनीतियों और युद्ध कौशल में निपुण बनाने के लिए भारतीय सेना के प्रशिक्षण संस्थानों के प्रयासों की सराहना की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने सैन्य कर्मियों को सैन्य रणनीतियों और युद्ध कौशल में निपुण बनाने में भारतीय सेना के प्रशिक्षण संस्थानों के बहुमूल्य योगदान की सराहना की है। रक्षा मंत्री डॉक्टर अम्बेडकर नगर महू में भारतीय सेना के तीन प्रमुख प्रशिक्षण संस्थानों - आर्मी वॉर कॉलेज (AWC), इन्फैंट्री स्कूल और मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन एंड इंजीनियरिंग (MCTE) के दौरे पर थे, उनके साथ थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी और भारतीय सेना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे।**

श्री राजनाथ सिंह को कार्यवाहक कमांडेंट द्वारा उन्नत ऊष्मायन और अनुसंधान केंद्र की स्थापना और प्रौद्योगिकियों के अवशोषण और परिवर्तन को सक्षम करने की दिशा में विभिन्न समझौता ज्ञापनों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने राष्ट्रीय खेलों के प्रति उनके योगदान को देखने के लिए आर्मी मार्क्समैनशिप यूनिट का दौरा किया। रक्षा मंत्री ने इन्फैंट्री संग्रहालय का भी दौरा किया, जहां उन्हें इन्फैंट्री के इतिहास के साथ-साथ इन्फैंट्री में आधुनिक उपकरणों को शामिल करने के बारे में जानकारी दी गई। रक्षा मंत्री ने एडब्ल्यूसी में तीनों संस्थानों के सभी रैंकों के साथ बातचीत भी की। सैनिकों को



संबोधित करते हुए उन्होंने सीमाओं की रक्षा करने और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने में भारतीय सेना के जवानों के साहस और सतर्कता की सराहना की। उन्होंने कहा, 'आपकी लगन और कर्तव्य के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा है। आपकी कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता के कारण ही हमारा देश और इसकी सीमाएं लगातार सुरक्षित और मजबूत होती जा रही हैं।' श्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों से वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य पर सतर्क नजर रखने और किसी भी तरह के खतरे से निपटने के लिए हमेशा सतर्क और तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे समय होते हैं जब भारत को सीमाओं के साथ-साथ आंतरिक मोर्चे पर भी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में सैनिकों के लिए यह जरूरी हो जाता है कि वे विरोधियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें और उनके खिलाफ समय पर और प्रभावी कदम उठाएं। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का लक्ष्य 2047 तक भारत को एक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सशस्त्र बल महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा, 'आप हमारी सीमाओं के रक्षक हैं और राष्ट्र निर्माण में अग्रणी हैं। मुझे विश्वास है कि आप साहस और समर्पण के साथ हमारी सीमाओं की सुरक्षा करते रहेंगे और 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में योगदान देंगे।' इससे पहले, श्री राजनाथ सिंह ने महू में डॉ. बीआर अंबेडकर को समर्पित स्मारक भीम जन्मभूमि का दौरा किया और उनके जन्मस्थान पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने डॉ. बीआर अंबेडकर को निस्वार्थ सेवा का प्रतीक बताया, उन्होंने अपना जीवन सामाजिक समानता और सशक्तिकरण के लिए समर्पित कर दिया।

## तेज ठंडी हवाओं ने कंपकंपाया, दिनभर जमे रहे बादल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** रविवार को तेज ठंड रही। कल से जमे बादल आज भी दिनभर सूरज की रोशनी को रोकते रहे। दिनभर से जमे बादलों और तेज ठंडी हवाओं की वजह से दिनभर लोग कंपकंपाते रहे। कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदें भी गिरी। रविवार को दिन का तापमान 21.4 और रात का तापमान 15.4 डिग्री रहा। सोमवार को भी दिनभर बादल रहने और तेज ठंडी हवाएं चलने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार से तेज धूप निकल सकती है।

## इंदौर-कोच्चूवेली परिवर्तित मार्ग से जाएगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** दक्षिण मध्य रेलवे सिकंदराबाद मंडल के मोटूमारी रेलवे स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य हेतु प्रस्तावित ब्लॉक के कारण गाड़ी संख्या 22645 इंदौर कोच्चुवेली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से चलेगी। 30 दिसम्बर, 2024 को इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्या 22645 इंदौर कोच्चुवेली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया बल्लहारशाह-काजीपेट-मलकाजगिरी-काचीगुडा-डोन-गुत्ती-रेणिगुंटा-एमजीआर चेन्नै सेंट्रल चलेगी। ट्रेनों के ठहराव, आगमन/प्रस्थान समय सहित अन्य अद्यतन जानकारी के लिए यात्रीगण कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

## जनजागरण से ही समाज की बुराइयों पर रोक लग सकती हैं : पूर्व राज्य मंत्री पं.योगेंद्र महंत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** समाज में सनातन काल से आज तक जो बुराइयां रहती हैं वह जागरूकता के साथ जन जागरण से ही दूर होती है और यह क्रम लगातार जारी रखना चाहिए, ब्राह्मण समाज का दायित्व है कि वह समाज को सही दिशा में नेतृत्व प्रदान करें और कुरितियों को दूर करने में अग्रसर रहे. यह विचार अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ के राष्ट्रीय अधिवेशन की शुरुआत में अतिथियों ने महावीर बाग में व्यक्त किया. कार्यक्रम संयोजक, अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व राज्य मंत्री दर्जा मध्य प्रदेश सरकार पंडित योगेंद्र महंत ने बताया कि देश भर के 20 राज्यों से आए पदाधिकारी का राष्ट्रीय अधिवेशन रविवार से शुरू हुआ है.



तकरीबन 200 से ज्यादा पदाधिकारी इस अधिवेशन में सहभागी हैं. 29 दिसंबर को तीन अलग-अलग सत्र में गौ सेवा सामाजिक एकजुट, विद्यार्थियों महिलाओं को निराश्रितों के लिए सेवा और रोजगार के अवसर में सहभागी बनाने, सिंहस्थ में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज एवं उज्जैन बाबा महाकाल में सेवा कार्य आदि प्रस्ताव पर रविवार को चर्चा होकर पारित किया गया। इसके बाद देश भर में सेवा का अभियान एकजुट के साथ अलग-अलग जिले संभाग और राज्यों में जारी रहेगा. रविवार को अतिथियों का स्वागत राष्ट्रीय महासचिव ओ पी बैरागी, धीरज वैष्णव, अनंत महंत,कृष्णा बैरागी प्रशांत महंत, सुरेश पाठक, बंटी बैरागी, प्रकाश वैष्णव आदि ने किया।

# हिंदू जागरण मंच ने थाना घेरा

### युवक को पीटने पर पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं पर हुई थी एफआईआर

**इंदौर। हिंदू जागरण मंच ने पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर के विरोध में रविवार शाम विजयनगर थाना घेर लिया। पुलिस के खिलाफ नारे लगाए। एफआईआर रद्द करने की मांग की। एसीपी आदित्य पटोले के जांच के आश्वासन के बाद सभी चले गए।**

हिंदू जागरण मंच के लोगों ने तीन दिन पहले शोएब उर्फ सोनू के साथ मारपीट कर दी थी। उसने पब के बाहर एक युवती के सिर पर कांच की बोतल फोड़ दी थी। युवती की शिकायत पर शोएब के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। जबकि, शोब की शिकायत पर भी पुलिस ने हिंदू जागरण मंच के मानसिंह परमार और अन्य कार्यकर्ताओं पर मारपीट का केस दर्ज किया था। इसी केस के विरोध में विजयनगर थाने पर हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी राजकुमार टेटवाल और मानसिंह राजावत के साथ कई कार्यकर्ता पहुंचे। पहले सभी थाने के अंदर जाकर बैठ गए। इसके बाद उन्होंने बाहर आकर प्रदर्शन किया। राजकुमार टेटवाल ने एफआईआर को निरस्त करने की मांग की। ऐसा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।



## 31 दिसंबर तक कृषक करा सकते हैं अपनी फसल का बीमा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जिले के कृषक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत रबी मौसम 2024-25 में अधिसूचित फसलों का बीमा 31 दिसंबर तक करवा सकते हैं। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास इंदौर ने बताया कि शासन के निर्देश अनुसार बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है। कृषकगण निर्धारित तिथि तक संबंधित बैंकों, सहकारी समिति, सीएससी सेंटर में अपनी फसल का बीमा करा सकते हैं। रबी मौसम के लिए प्रीमियम राशि स्कूल ऑफ फायनेंस का 1.5 प्रतिशत देय है। अऋणी/डिफॉल्टर कृषक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा संबंधित बैंक शाखा एवं लोकसेवा केंद्र के माध्यम से करवा सकते हैं। ऋणी कृषकों का बीमा संबंधित बैंक के माध्यम से किया जायेगा। रबी मौसम में पटवारी हल्का स्तर पर गेहूं सिंचित, गेहूँ असिंचित, चना फसलों को अधिसूचित किया गया है। रबी गेहूं सिंचित फसल हेतु प्रति हेक्टेयर 675 रूपये, गेहूं असिंचित के लिए 367 रूपये, चना फसल हेतु प्रति हेक्टेयर 600 रूपये प्रीमियम किसानों को देय होगा। अधिक जानकारी के लिए एसबीआई जनरल इंश्योरेंस एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले से संपर्क कर कृषक अपनी फसल का बीमा करा सकते हैं।



# उज्जैन में 35 हजार मातृशक्तियों ने दिखाया शक्ति संगम, साध्वी ऋतंभरा ने भरा जोश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन में विश्व हिन्दू परिषद, मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी का 'शक्ति संगम' कार्यक्रम हुआ, जिसमें हजारों महिलाएं एकत्रित हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत त्रिवेणी संग्रहालय के सामने महाकालेश्वर अन्न क्षेत्र परिसर से शौर्य यात्रा के रूप में हुई। यात्रा गुदरी चौराहा, गोपाल मंदिर, कंठाल, निजातपुरा, कोयला फाटक होते हुए सामाजिक न्याय परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। यात्रा में शस्त्र वाहिनी, घोष वाहिनी, ध्वज वाहिनी, साफा वाहिनी और दंड वाहिनी की बहनें शामिल हुईं।



कार्यक्रम के समापन पर विराट सभा का आयोजन हुआ। दुर्गा वाहिनी प्रान्त संयोजिका ज्योतिप्रिया दीदी ने बताया कि देवी अहिल्या और रानी दुर्गावती की जयंती वर्ष में मध्य प्रदेश के 110 स्थानों से मां वंदना यात्रा निकाली गई थी, जिसका समापन महाकाल के आंगन में हुआ। आरती दीदी जायसवाल ने मंच संचालन करते हुए बताया कि जब कार्यक्रम की योजना बनाई थी, तब 10,000 महिलाओं की उम्मीद थी, लेकिन अब 35,000 से अधिक महिलाएं कार्यक्रम में उपस्थित हैं।

कार्यक्रम में महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजिका साध्वी ऋतंभरा ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होकर महिलाओं को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा, 'आप सभी सौभाग्यशाली हैं, क्योंकि आपने हिन्दू माँ के गर्भ से जन्म लिया है। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें सामाजिक खतरों से सतर्क करना है।'

## चांदी का मुकुट, कुंडल और किरण अर्पित



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में उत्तर प्रदेश के नोएडा से दर्शन के लिए आए भक्त जितेंद्र विशाल ठाकुर ने भगवान महाकाल को चांदी का मुकुट, दो कुंडल और एक किरण अर्पित की। मंदिर समिति ने दान में प्राप्त सामग्री स्वीकार कर भक्त को भगवान का प्रसाद भेंटकर सम्मानित किया। मंदिर की कोठार शाखा के अनुसार, दान में प्राप्त चांदी की सामग्री का कुल वजन 1862 ग्राम है। इसकी वर्तमान कीमत लगभग दो लाख रुपए से ज्यादा की है। यह भेंट पुजारी प्रदीप गुरु की प्रेरणा से की गई। मंदिर समिति के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने भक्त को भगवान का दुपट्टा ओढ़ाकर और प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया।

## पुल से गिरी चार्टर्ड बस 18 लोग घायल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** खंडवा से लगे ठिठियाजोशी गांव में रविवार तड़के 4 बजे एक यात्री बस आबना नदी के पुल से नीचे जा गिरी। हादसे में 18 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को 13 एंबुलेंस वाहनों से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। रामनगर चौकी प्रभारी मनोज दवे के मुताबिक, यात्री बस चौहान कंपनी की है, जो कि अमरावती की ओर से खंडवा आ रही थी। बस को इंदौर इंदौर जाना था। इस दौरान ठिठियाजोशी के पुल पर अचानक हादसा हो गया। सभी घायलों को मामूली चोट आई है। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई थी। हादसे में घायल ज्यादातर लोग रीवा, इंदौर और नागपुर के रहने वाले है। बस के ड्राइवर इंदौर निवासी प्रेमसिंह को भी सिर में चोट आई हैं। उसने हादसे को लेकर बताया कि बस 50-60 की स्पीड में थी। सुबह साढ़े 5 बजे अंधेरा था और अचानक टर्न आ गया। गाड़ी को कंट्रोल करने का काफी प्रयास किया। लेकिन, सड़क पर पानी था, इस कारण बस स्लीप होकर पलटी खा गई।

# फैक्ट्री में घुसी महिलाएं डेढ़ क्विंटल पीतल चुराया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर।** सागर के बहेरिया थाना क्षेत्र स्थित सिदुवां औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री में लड़कों के साथ महिलाओं ने सेंध लगाकर पीतल चोरी कर लिया। आरोपी करीब डेढ़ क्विंटल पीतल लेकर भागी है। फैक्ट्री के कर्मचारियों ने जब सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तो उसमें कुछ महिलाएं पीतल चोरी करते हुए नजर आई हैं। महिलाएं फैक्ट्री के पीछे तरफ की बाउंड्री वाल कूदकर अंदर आई थी। पुलिस के अनुसार, फैक्ट्री के मैनेजर मनोहर पिता मोहन पटेल निवासी कुल्ल बहरोल ने थाने में शिकायत की। उन्होंने बताया कि वह नेक्स जियो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के परिसर में बने क्वार्टर में रहते हैं। कंपनी बिजली ट्रांसफॉर्मर संबंधी काम करती है।

## मुख्यमंत्री ने बोरवेल में गिरने से हुई बालक की मृत्यु पर दुःख व्यक्त किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुना जिले में ग्राम पीपल्या में निजी जमीन पर बोरवेल में गिरने से बालक की मृत्यु पर दु:ख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिला प्रशासन सहित एसडीईआरएफ बचाव दल के लगातार और अथक प्रयासों के बावजूद बालक को सुरक्षित बाहर नहीं निकाला जा सका। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार इस कठिन घड़ी में शोकाकुल परिवार के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ईश्वर से दिवंगत बालक की आत्मा की शांति और परिजन को यह गहन दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए नागरिकों से अपनी निजी जमीन पर बोरवेल को उचित रूप से कवर करने की अपील की।

**सरकार ने जारी किया गजट नोटिफिकेशन**

# मप्र के 29 जिलों में बदलाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के 29 जिलों में बड़ा बदलाव हो रहा है। इन जिलों के सैकड़ों गांवों की कायापलट की तैयारी की गई है। करीब दो साल पहले केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने तत्कालीन सीएम शिवराजसिंह चौहान के साथ इसके लिए पहल की थी। अब यहां चमचमाती सड़कें बनेंगी, भरपूर पानी मिलेगा और चौबीसों घंटे बिजली भी उपलब्ध होगी। इसके लिए इन सभी जिलों के घने जंगलों में बसे गांवों यानि वन ग्रामों को राजस्व ग्राम बनाया जा रहा है। सरकार ने सभी जिलों के अधिकांश वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में बदलने के लिए गजट नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। मध्यप्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव ने वन अधिकार अधिनियम व पेसा अधिनियम का पालन कराने से जुड़े विषयों



को लेकर अधिकारियों की बैठकें लीं। शनिवार को अपने निवास पर बुलाई इन समीक्षा बैठकों में सीएम ने वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तित करने के काम में तेजी लाने पर जोर दिया। मध्यप्रदेश में सघन वन क्षेत्र वाले 29 जिलों में कुल 925 वनग्राम हैं जिनमें से 827 को राजस्व ग्रामों में परिवर्तित किया जा रहा है। इसके लिए बीस साल से कवायद चल रही थी। सन 2002 से 2004 के बीच राज्य सरकार ने सभी जिलों के वन ग्रामों के केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजे थे।22 अप्रैल 2022 को भोपाल में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राज्य के वन समितियों के सम्मेलन में इन 827 वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तित करने की घोषणा की थी। कार्यक्रम में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान भी मौजूद थे। वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तित करने से आदिवासियों को कानूनी अधिकार लेने में आसानी हो गई है।सीएम मोहन यादव को बैठक में बताया गया कि प्रदेश में जिन 827 वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है, उनमें से 792 को राजस्व ग्रामों में परिवर्तित किया जा चुका है। अब तक 790 गांवों का गजट नोटिफिकेशन भी करा दिया गया है।आदिवासियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने, वन ग्रामों में राजस्व व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए यह फैसला लिया गया है। इसके तहत वन ग्रामों में अब सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। वनग्रामों के राजस्व ग्रामों में बदलने के बाद यहां के निवासी भी सामान्य ग्रामीणों की तरह जमीन और कृषि संबंधी अपने अधिकारों को प्राप्त कर सकेंगे, आदिवासियों के सिर पर लटकी रहनेवाली जंगल के कानून की तलवार हट जाएगी।

## संपादकीय

# तालिबान डूरंड लाइन को नहीं मानता

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा रेखा डूरंड लाइन पर जंग जैसे हालात हैं। टीटीपी आतंकियों के पाकिस्तानी सेना के 16 जवानों की हत्या के बाद पाकिस्तानी एयर फोर्स ने अफगानिस्तान के पाकटीका और खोश्त प्रांत में 4 जगहों पर हवाई हमला करके 50 लोगों को मार दिया। पाकिस्तान का कहना है कि ये टीटीपी के आतंकी थी जो वहां जमा थे। इससे भडक़े तालिबानी सैनिकों ने डूरंड लाइन से सटी पाकिस्तानी सेना के चौकियों पर भीषण हमला करके 19 पाकिस्तानी सैनिकों को मार डालने का दावा किया। साथ ही 2 पाकिस्तानी सैन्य चौकियों पर कब्जा करने का भी दावा किया। तालिबान ने यह भी कहा है कि वह डूरंड लाइन को नहीं मानता है। वहीं अब पाकिस्तान ने दावा किया है कि उनके जवाबी हमले में अफगानिस्तान के कम से कम 8 लोग मारे गए हैं। पाकिस्तान और तालिबान के बीच इस ताजा लड़ाई से एक बार फिर से अंग्रेजों की खींची हुई डूरंड लाइन का मुद्दा गरम हो गया है। पाकिस्तानी सेना और तालिबान के बीच यह लड़ाई शनिवार को रात तक जारी रही थी। फिलहाल दोनों के बीच बंदूकें शांत हैं लेकिन तनाव बना हुआ है। हजारों की तादाद में अफगान नागरिकों को सीमाई इलाकों से हटना पड़ा है। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में डूरंड लाइन को काल्पनिक रेखा नाम दिया और नाम लिखने से भी परहेज किया। अफगान रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 28 दिसंबर को किया गया हमला उन इलाकों में किया गया जहां से अफगान जमीन पर हमला किया जाता था। अफगान सेना ने पाकिस्तानी सेना के कई चौकियों को जला डाला। पाकिस्तानी सेना ने भी माना है कि कई जगहों पर लड़ाई हुई है और केवल 1 सैनिक के मारे जाने को स्वीकार किया है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच दशकों से डूरंड लाइन को लेकर विवाद बना हुआ है। अफगान सरकारों ने कभी भी अंग्रजों की खींची गई इस सीमा रेखा को स्वीकार नहीं किया है। वे इसे काल्पनिक रेखा करार देते हैं। तालिबानी रक्षा मंत्रालय ने के प्रवक्ता से जब बार बार पूछा गया कि क्या उनका बयान पाकिस्तान के लिए है तो उन्होंने कहा कि हम नहीं मानते हैं कि यह पाकिस्तान का इलाका है। उन्होंने इसे मात्र काल्पनिक रेखा करार दिया।

**अर्ज किया है..!**

*ठेस कुछ ऐसी लगी है कि*
*बिखरना है उसे*
*दिल में धड़कन की जगह दर्द*
*है और जान नहीं*

*-फ़ातिमा हसन*

**OSHO कहिन**

**"हर व्यक्ति के भीतर भगवान छिपा हुआ है, उसे जागृत करना ही सच्ची साधना है।"**



**सैर सपाटा**

# जनवरी 2025 में इन जगहों पर मिलेगा स्नोफॉल

## बर्फ का सुंदर नजारा देख नहीं होगा लौटने का मन


नया साल शुरू होने में कुछ ही दिन रह गए हैं। आने वाले साल के पहले ही महीने को यादगार बनाना चाहते हैं तो घूमने की प्लानिंग करें। यहां हम बता रहे हैं जनवरी 2025 में किन जगहों पर मिलेगा स्नोफॉल। लाइव स्नोफॉल को देखना काफी ड्रीमी होता है। साल 2025 की शुरुआत में बर्फ से ढके पहाड़ों का सुंदर नजारा देखना चाहते तो कुछ जगह हैं जहां पर आप जा सकते हैं। जनवरी के महीने में यहां पर आपको यकीनन बर्फबारी देखने को मिल सकती है।

### मनाली



मनाली में इन दिनों खूब बर्फबारी हो रही है। ऐसे में जनवरी के महीने में भी आपको यहां पर बर्फबारी का सुंदर नजारा देखने को मिल सकता है।

### शिमला




शिमला भी इन दिनों बर्फ की चादर से ढका हुआ है। दिसंबर से जनवरी का महीना इस जगह पर जाने के लिए सबसे अच्छा है। जनवरी के पहले हफ्ते में आप यहां पर स्नोफॉल का सुंदर नजारा देख सकते हैं।

### औली



बर्फबारी में स्कीइंग एक्टिविटी का मजा लेने के लिए औली से बेहतर कोई जगह नहीं है। बर्फ से ढके पहाड़ों के सुंदर नजारे को देखने के लिए पर्यटक जनवरी के महीने में इस जगह पर जाना पसंद करते हैं।

### चोपटा



चोपटा में घूमने के लिए कोई खास जगह नहीं है, लेकिन बर्फ से ढके पहाड़ों को देखने के लिए ये बेहतरीन जगह है। आप एक बार यहां जाएं तो यहां की सुंदरता आपका मन मोह लेगी।

## New Delhi

# किसानों का 'पंजाब बंद'... 221 ट्रेनें प्रभावित, 200 जगह सड़कें जाम, मोहाली में एयरपोर्ट रोड ब्लॉक

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पंजाब में आज किसानों का बंद है. किसानों के पंजाब बंद का बड़ा असर रेल यातायात पर देखने को मिल रहा है. किसानों के प्रदर्शन की वजह से 221 ट्रेनें या तो रद्द हो गई हैं या उनका रूट डाइवर्ट किया गया है.

संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा की अगुवाई में बंद बुलाया गया है. यह बंद सुबह सात बजे से चार बजे तक रहेगा. इस दौरान मेडिकल केयर सहित जरूरी सेवाएं जारी रहेंगी. फसलों की एमएसपी के गारंटी कानून समेत 13 मांगों को लेकर किसानों के आंदोलन के समर्थन में आज पंजाब बंद है.

पंजाब में 200 जगह सड़कें जाम हैं. जालंधर-दिल्ली



नेशनल हाईवे और अमृतसर-दिल्ली हवाई पर किसान बैठे हुए हैं. मोहाली में एयरपोर्ट रोड ब्लॉक कर दिया गया है. कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए पंजाब के मोहाली जिले में लगभग 600 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है. पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी स्थिति पर करीब से नजर बनाए हुए है. एक किसान नेता का कहना है कि पंजाब बंद के दौरान इमरजेंसी सेवाएं जारी रहेंगी. इसके अलावा किसी शादी समारोह में जाने वाले व्यक्ति व परिवार को नहीं रोका जाएगा. पंजाब में सर्दी की छुट्टी के चलते पहले ही स्कूल बंद है. पंजाब यूनिवर्सिटी ने बंद के चलते परीक्षाओं को सोमवार की जगह मंगलवार को कराने का फैसला लिया है. बस सेवाओं से जुड़े संगठनों की तरफ से बताया गया है कि सोमवार शाम चार बजे के बाद सेवाएं बहाल कर दी जाएंगी.

## Uttarpradesh

# उम्र 16 साल... दोस्त पर हथौड़े से अनगिनत वार, आंखें-दांत और सिर बुरी तरह कुचला



**मेरठ, (एजेंसी)** चेहरा मासूम, उम्र 16 साल, लेकिन कारनामा पेशेवर अपराधी से भी ज्यादा क्रूर। आरोपी ने दोस्त अभिनव के सिर पर हथौड़े से अनगिनत वार किए। चेहरे को बुरी तरह कूच दिया। आंखें, दांत और सिर का पता ही नहीं चल रहा। जिसने भी अभिनव का शव देखा वह कांप गया।

रोहटा रोड वर्णिका स्टेट निवासी हत्यारोपी किशोर और अभिनव के बीच तीन साल से दोस्ती थी। दोनों अलग-अलग स्कूलों में पढ़ते थे। आरोपी ने 12वीं और अभिनव ने 11वीं कक्षा में पंजीयन करा रखा था। वे आईआईटी की तैयारी कर रहे थे। दोनों साथ ही कोचिंग जाते थे।

आरोपी के मुताबिक, अभिनव ने उसके फोन से गर्लफ्रेंड के फोटो और वीडियो ले लिए थे। इनके नाम पर वह उसकी गर्लफ्रेंड को ब्लैकमेल करने लगा था। अभिनव को समझाया, मगर नहीं माना। तब हत्या की योजना बनाई। उसने हथौड़ा घर से ही बैग में रख लिया था। शनिवार दोपहर अभिनव के साथ उसकी स्कूटी से कोचिंग के लिए निकला। बहाने से गढ़ रोड ले गया। वहां चकरोड से ट्यूबवेल के पास ले लिया।

बातचीत के दौरान उसने थैले में पहले से रखा हथौड़ा निकालकर अभिनव के सिर और चेहरे पर ताबड़तोड़ वार किए। मौत होने पर भी सिर पर हथौड़े मारता रहा। हत्या कर वह देर शाम घर पहुंचा और रात को आराम से सो गया। उसे अपने किए पर पछतावा नहीं था।

## Noida

# नोएडा में लूट के बाद New Year Party के लिए लोकेशन खोज रहे बदमाशों का एनकाउंटर

**नोएडा, (एजेंसी)** नोएडा के सेक्टर 30 में जोमैटो के ई-रिक्शा का इस्तेमाल कर परिवार को बंधक बनाने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस से मुठभेड़ में चारों बदमाश गोली लगने से घायल हो गए. इन बदमाशों ने परिवार को बंधक बनाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था और अब वो न्यू ईयर पार्टी सेलिब्रेट करने के लिए लोकेशन की तलाश कर रहे थे. जांच में खुलासा हुआ है कि नोएडा के थाना सेक्टर-20 इलाके में इस वारदात को अंजाम देने से पहले बदमाशों ने पहले इलाके की रेकी की थी और फिर फूड डिलीवरी करने वाली कंपनी जोमैटो के ई-रिक्शा का इस्तेमाल करते हुए इस वारदात को अंजाम दिया. घटना के दौरान बदमाशों ने घर के तीन लोगों को किडनैप कर एडवांट पर छोड़ा और मौके से फरार हो गए थे. पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से चार अवैध तमंचे, घटना में इस्तेमाल किए गए ई-रिक्शा और लगभग 2 लाख रुपये नगद बरामद किए हैं. पकड़े गए बदमाश लूट के पैसों से न्यू ईयर पार्टी की योजना बना रहे थे और एनसीआर में पार्टी के लिए लोकेशन सर्च कर रहे थे.

## Rajasthan

# राजस्थान में करंट लगने से तीन बच्चों की मौत परिजनों ने बिजली कंपनी के खिलाफ दर्ज कराई FIR

**कोटा, (एजेंसी)** राजस्थान के कोटा और झालावाड़ जिलों में रविवार को करंट लगने से तीन बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई. दोनों घटनाओं में बड़ी लापरवाही सामने आई है. न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक कोटा के महावीर नगर थाना क्षेत्र के टीचर्स कॉलोनी में 11 साल के करण को उस वक्त बिजली का झटका लगा, जब वह बिजली के तार पर फंसी पतंग को उतारने की कोशिश कर रहा था. पुलिस के अनुसार, पतंग के मांझे में धातु पाउडर की परत थी, जिससे करंट लग गया.

करण का 9 साल का भाई राहुल, जो कुछ दूरी पर खड़ा था वो भी करंट की चपेट में आ गया. महावीर नगर थाना अधिकारी महेंद्र मारू ने बताया कि करण की मौत मौके पर ही हो गई, जबकि राहुल को अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक



उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई.

करण का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है. इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है. वहीं झालावाड़ के एकलेरा कस्बे में 10 साल के देवकरण मीना और 8 साल के यश बागड़ी खेत में खेलते समय हादसे का शिकार हो गए. उनके घर के पास से गुजर रहे एक हाई-टेंशन तार के गिरने से दोनों बच्चों को करंट लगा और उनकी मौके पर ही मौत हो गई.

## खेल

# साउथ अफ्रीका वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंची, पाकिस्तान को रोमांचक मैच में हराया

**सेंचुरियन।** पहले टेस्ट मैच में पाकिस्तान पर दो विकेट की रोमांचक जीत के साथ साउथ अफ्रीका वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। इसी के साथ ये तय हो गया कि अब भारत और ऑस्ट्रेलिया में से कोई ही टीम फाइनल में पहुंच पाएगी। खिताबी मुकाबला अगले साल 15 जून से लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स में खेला जाएगा।

### रोमांचक मैच में जीता साउथ अफ्रीका

सुपरस्पोर्ट्स पार्क में खेले गए दो टेस्ट मैच की सीरीज के पहले मैच में पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका के सामने सिर्फ 148 रन का छोटा लक्ष्य रखा था। मगर विकेट से मिल रही तेज गेंदबाजों को मदद के चलते मामूली सा टारगेट हासिल करने में भी मेजबानों के पसीने छूट गए। अंत में मार्को यानसेन (24 गेंद में 16 रन) और कागिसो रबाडा (26 गेंद में 31 रन) ने नौवें विकेट के लिए 50 गेंद में



51 रन की नाबाद पार्टनरशिप पारी करते हुए साउथ अफ्रीका को ऐतिहासिक जीत दिला दी।

### 37 रन बनाने में गिरे पांच विकेट

आज चौथे दिन साउथ अफ्रीका ने अपने तीसरे दिन के टोटल 27/3 से आगे खेलना शुरू किया। एडेन मार्करम (22) और कप्तान तेंबा बावुमा (0) पारी आगे बढ़ाने लगे। दोनों के बीच 43 रन की साझेदारी हो चुकी थी। साउथ अफ्रीका आसानी से लक्ष्य की ओर बढ़ती दिख रही थी। मगर छह विकेट लेने वाले गेंदबाज मोहम्मद अब्बास ने मार्करम को 37 के निजी स्कोर पर आउट कर दिन का पहला और पारी का चौथा झटका दिया। यहां से धड़ाधड़ विकेट गिरने शुरू हो गए। जल्द ही साउथ अफ्रीका का स्कोर 62/3 से 99/8 हो गया।

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास ने मैच में कुल सात विकेट लिए, जिसमें छह शिकार तो उन्होंने दूसरी पारी में किए। अब्बास ने अकेले साउथ अफ्रीका का टॉप ऑर्डर और मिडिल ऑर्डर बर्बाद कर दिया। सीरीज का दूसरा और निर्णायक मैच तीन जनवरी से केपटाउन में खेला जाएगा।

### मैच में क्या-क्या हुआ?

टॉस जीतकर साउथ अफ्रीका ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। पहले बैटिंग करते हुए पाकिस्तान की पारी सिर्फ 211 रन पर सिमट गई। जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 301 रन बनाकर 90 रन की बढ़त हासिल की थी। पाकिस्तान ने अपनी दूसरी पारी में 237 रन बनाए। उसकी तरफ से सौद शकील ने 84 और पूर्व कप्तान बाबर आजम ने 50 रन बनाए और साउथ अफ्रीका को 148 रन का मामूली लक्ष्य मिला।

## सिनेमा

# 2 साल पहले जीनत अमान ने ले लिया था रिटायरमेंट, अब कर रहीं कमबैक



एक्ट्रेस जीनम अमान के लिए साल 2024 काफी बिजी रहा. खूब काम किया. इतना कि इन्हें खुद के लिए समय नहीं मिल पाया. इस बात की जानकारी जीनम ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैन्स को दी. साल 2024 को जीनम गुडबाय बोल रही हैं, वो भी एक खास मैसेज के साथ.

28 दिसंबर के दिन जीनम ने कुछ तस्वीरें शेयर कीं और लिखा- इस साल की आखिरी कुछ सुबह मैं कुछ यूं बिता रही हूं. मैं बहुत ज्यादा सोशल मीडिया पर एक्टिव नहीं रहती, लेकिन मैं आप सभी को ये बताना चाहती हूं कि ये साल मेरे लिए कितना बिजी रहा है. 'बन टिक्की' और 'द रॉयल्स' की शूटिंग के सिलसिले में मैं शिमला और राजस्थान में काफी बिजी रही. देशभर में मैंने काफी इवेंट्स अटेंड किए. 'कुछ शानदार ब्रैंड्स के साथ मैंने सोशल मीडिया कोलैबोरेशन भी किए. अपनी खास टीम के साथ मैंने कुछ फोटोशूट्स भी टेस्ट किए. करीब 2 साल पहले मैंने खुद को एक शांत रिटायरमेंट के लिए तैयार कर लिया था, जिसमें कभी-कभार कोई छोटा-मोटा काम मिल जाता था ताकि मोनॉटनी को थोड़ा कम किया जा सके. अब मैं अपने कैलेंडर पर खाली तारीख खोजने के लिए जूझ रही हूं. मेरे पास इतना काम है कि डेट्स ही नहीं.' 'तो इस साल को खत्म करने से पहले मैं आप सभी को ये सुकून भरा मैसेज देना चाहती हूं कि अगर आपके लिए चीजें अभी खराब दिख रही हैं, तो शांत रहिए और धैर्य बनाए रखें.

## Highlights

1. Abishek Sekhar Shines at National Shooting Championship
2. What is closed & what is open amid Punjab Bandh today?
3. Shiv Sena MP Ravindra Waikar's car meets with accident in Mumbai
4. How was an Indian village named after former US President Jimmy Carter?
5. Second FIR against Shwetha Gowda for alleged jewellery Scam

# India's current account deficit expected at 1.1% of GDP in FY25, says ICICI bank




**NEW DELHI, (Agency).** India's Current Account Deficit (CAD) is expected to remain at 1.1 per cent of the Gross Domestic Product (GDP) in the financial year 2024-25 (FY25), according to a report by ICICI Bank.

The report highlighted significant changes in the country's external position in recent months, driven by a widening trade deficit and foreign portfolio investment (FPI) outflows.

It said "We expect CAD at 1.1 per cent of GDP in FY25"

In November 2024, India's trade deficit reached a record high of USD 37.8 billion, primarily due to gold imports totaling USD 14.9 billion.

Additionally, non-oil and non-gold imports have been on the rise, increasing by 3.5 per cent year-on-year during October-November 2024.

On the export side, while oil exports have declined by 36 per cent during the same period, non-oil exports have shown a positive trend. Electronics and engineering goods exports grew by 50 per cent and 27 per cent year-on-year, respectively, in October-November 2024.

The report also cautioned that despite government efforts to manage gold imports, the trade deficit is likely to remain under pressure due to a weaker global growth outlook. This is attributed to rising interest rates worldwide, with the U.S. Federal Reserve signaling a higher trajectory for rates.

The report "Even as the government is working on reconciling gold imports, the trade deficit outlook is worse because of lower global growth outlook".

# 2025 personal finance updates: Key changes in UPI, visa, EPFO, credit card, FD, and others

**NEW DELHI, (Agency).** As the New Year 2025 approaches, it brings with it new changes in areas such as fixed deposit rules, credit card benefits, visa regulations, and more, all of which are important to consider when planning finances.

Not being aware of these changes can lead to the missing of important deadlines which can deprive one of the benefits from certain schemes.

The Reserve Bank of India (RBI) has changed Fixed Deposit rules for non-banking financial companies and housing finance firms. The new FD rules will come into effect in January 2025.

The RBI guidelines deal with terms such as accepting public deposits, maintaining a minimum percentage of liquid assets, and repaying public deposits.

Indians who are planning to apply for visas in countries like Thailand, the United States, and the United Kingdom must be aware of the new updates to visa guidelines that will come into effect next year.

The National Payments Corporation of India (NCP) updated guidelines for RuPay credit cardholders will take effect on January 1, 2025. The revised policy will introduce tier-based spending criteria for exclusive airport lounge access.

# डॉक्टर की हत्या में महिला से दोस्ती का कनेक्शन

## आरोपी गिरफ्तार, जल्द होगा खुलासा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर में होम्योपैथ डॉक्टर सुनील राजपूत की हत्या के मामले में पुलिस ने रविवार को एक आरोपी को गुना से गिरफ्तार किया है। यह आरोपी डॉक्टर के परिवार की एक महिला के संपर्क में था, जिसके साथ उसकी दोस्ती थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने डॉक्टर को रास्ते से हटाने के लिए उनकी हत्या की। इस केस की जांच के लिए पुलिस की पांच टीमें बनाई गई हैं, जिनमें से एक टीम गुना में महिला की भूमिका की जांच कर रही है। इंदौर जोन-1 के डीसीपी विनोद मीणा ने बताया कि पुलिस ने गुना के रहने वाले आशीष को हिरासत में लिया है। पूछताछ में आशीष ने अपने तीन अन्य साथियों के नाम बताए हैं। कॉल डिटेल्स के आधार पर पुलिस को आरोपी की जानकारी मिली थी।

आरोपी आशीष एक सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करता था और नौकरी के दौरान वह महिला के संपर्क में आया था। महिला और आशीष की दोस्ती ही इस हत्या का कारण बनी। हालांकि, पुलिस फिलहाल इस मामले में ज्यादा जानकारी साझा नहीं कर रही है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करने की बात कह रही है। 28 वर्षीय डॉक्टर सुनील साहू की शुक्रवार



डॉ. सुनील साहू

रात 10:30 बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह शहर के कुंदन नगर में जीवन धारा हेल्थ क्लिनिक चलाते थे। हत्या की घटना उस समय हुई जब तीन बदमाश सर्दी-जुकाम का इलाज कराने के बहाने क्लिनिक में आए और डॉक्टर पर गोली चला दी। डॉक्टर की शादी डेढ़ साल पहले ही हुई थी।

डॉ. सुनील साहू के पिता जगदीश प्रसाद साहू ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि उनका एक ही बेटा था, जिसे भगवान ने उनसे छीन लिया। उन्होंने कहा कि अब उनके पास आगे-पीछे कुछ भी नहीं बचा। उनका बेटा पिछले तीन-चार साल से इंदौर में रह रहा था। परिवार में दो बेटियां हैं, जिनमें से छोटी बेटी का रिश्ता तय हो गया है और अप्रैल में उसकी शादी होने वाली है। घटना में यह सामने आया कि बदमाश इलाज के बहाने क्लिनिक आए थे और वहां उन्होंने डॉक्टर पर गोली चलाई। डॉक्टर सुनील अपने घर पर ही कैंट रोड स्थित जीवन धारा क्लिनिक चला रहे थे, जहां इस वारदात को अंजाम दिया गया।

# पिस्टल और कारतूस के साथ पकड़ाए युवकों की जमानत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर की लसूड़िया पुलिस ने दिसंबर के पहले हफ्ते में राजस्थान के तीन युवकों को पकड़ा था। उन्हें बिश्नोई गैंग का मेंबर बताकर उनके पास से पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किए गए थे। बाद में तीनों को जेल भेजा गया। अब मामले में जिला कोर्ट से तीनों युवकों को जमानत मिल गई है।**

तीनों युवकों के वकील ने कोर्ट में वह डॉक्यूमेंट रखे है जिसमें उन्हें बिना वजह पुलिस हिरासत में लेने की पहले ही अपील की गई थी। अपील में पुलिस द्वारा बेवजह तीनों को आरोपी बनाने की बात कही गई। कोर्ट इस मामले में सहमत हुई। इसके बाद तीनों को जमानत दे दी गई।

जिला न्यायालय ने भूपेन्द्र सिंह निवासी सागर खरवा ब्यावर राजस्थान, आदेश चौधरी निवासी रामगंज अजमेर और दीपक सिंह निवासी अजमेर को शनिवार को जमानत दे दी है। वकील पवन राय की तरफ से तीनों की जमानत की अर्जी लगाई गई थी। लसूड़िया पुलिस ने 4 दिसंबर को तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर बिश्नोई गैंग के मेंबर बताया था। कोर्ट में यह भी कहा गया था कि, तीनों इंदौर बायपास पर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने पहुंचे थे। इसके पहले ही पुलिस ने चेकिंग में उन्हें पकड़ लिया।

मामले में तीनों के वकील पवन राय ने अपने तर्क में कोर्ट के सामने कुछ दस्तावेज रखे। जिसमें बताया कि गया कि



उन्होंने पुलिस से न्यायालय द्वारा पत्राचार करके आरोपियों के गिरफ्तारी सबंधी कागज पुलिस अफसरों तक भेजे थे। इसमें पुलिस ने तीनों के हिरासत में नही होने की बात कही थी।

वकील ने कोर्ट को बताया कि उन्होंने आरोपियों की पुलिस द्वारा बताई गिरफ्तारी के पहले कोर्ट में यह भी अपील की थी कि तीनों को पुलिस झूठे केस में फंसा सकती है। उन्होंने तीनों पर लगे प्रकरण में समय और तारीख के हिसाब से बेबुनियाद बताया। इस पर न्यायालय ने मामले को संदेह मानकर तीनों को जमानत दे दी।

वकील ने कोर्ट में यह भी बताया कि, तीनों अपनी जीप से उज्जैन से इंदौर पहुंचे थे। इंदौर बायपास से ओंकारेश्वर के लिए निकले थे। इसी दौरान मुखबिर ने पुलिसकर्मियों को जानकारी दी। भूपेंद्र पर पूर्व में छोटे प्रकरण दर्ज होने के चलते तीनों को थाने ले जाया गया।

यहां पुलिसकर्मी साठगांठ की कोशिश करते रहे। उनके परिवार से संपर्क किया। तीनों के परिवार के लोग वकील के पास पहुंचे। यहां पर उन्होंने कोर्ट के माध्यम से आरोपियों को लेकर जानकारी मांगी।

### दुष्कर्म का मामला

# चार साल की बच्ची से नाबालिग ने किया दुष्कर्म, हिरासत में

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में चार साल की बच्ची को घर में अकेला देख 17 वर्षीय नाबालिग ने दुष्कर्म किया। आरोपी एक नाबालिग साथी को घर के बाहर खड़ा कर छत के रास्ते बालिका के घर में घुसा और घटना को अंजाम देकर भाग निकला। घटना से बालिका बेसुध हो गई और उसे हॉस्पिटल में भर्ती करना पड़ा।

एसीपी शिवेंदु जोशी के मुताबिक शुक्रवार को चार वर्षीय बच्ची के साथ पड़ोस में रहने वाले नाबालिग आरोपियों ने दुष्कर्म किया है। दोनों आरोपियों में से एक की उम्र 17 तो दूसरे की 11 है। 17 वर्षीय आरोपी ने बच्ची को अकेला देख दुष्कर्म किया।

घटना के दौरान अन्य आरोपी (11 वर्षीय) कमरे के बाहर खड़े होकर पहरेदारी कर रहा था। दोनों आरोपी बाहर के रहने वाले हैं और नानी के घर इंदौर आए थे। दोपहर करीब 2 बजे आरोपियों ने पड़ोस में रहने वाली बच्ची को अकेला देख दुष्कर्म किया और भाग निकले।

जब बच्ची के परिजन घर पहुंचे तो बच्ची रो रही थी, कारण पूछा तो घटना बताई। परिजन ने आरोप लगाया कि घटना को लेकर स्थानीय पुलिस ने गंभीरता नहीं दिखाई। वरिष्ठ अधिकारियों तक मामला पहुंचने पर टीआई ने कार्रवाई की और दोनों आरोपियों को पकड़ा।

# एक्टिवा सवार दो कर्मचारियों की मौत

**इंदौर।** मांगलिया केंद्रीय पाइंट पर शनिवार देर शाम एक हादसा हुआ, जिसमें एक निजी कंपनी में काम करने वाले दो कर्मचारियों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, एक गैस टैंकर ने एक्टिवा सवार दोनों कर्मचारियों को टक्कर मारी, जिसके कारण टैंकर का पहिया एक कर्मचारी के ऊपर से गुजर गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं दूसरे कर्मचारी की रात में अस्पताल में मौत हो गई। शिप्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना शनिवार शाम करीब 7 बजे की है। मांगलिया केंद्रीय पाइंट पर चोरसिया रोड लाइन्स के गैस टैंकर नंबर NL04D8800 ने एक्टिवा सवार विकास राणावत (28) और चंद्रकांत (44), जो कि स्कीम नंबर 78 के निवासी थे, को टक्कर मार दी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक